रसोई घर

परिचय:-

नाम-दिलीप कुमार

इकाई का नाम- **रसोई घर**

नगर परिषद, शिवहर

स्थापना-2023

कार्यरत कर्मी- महिला-0/पुरुष-3

वित्त प्रदत- ₹5,00000 युको बैंक

टर्न ओवर –₹15 लाख

जीवनी:-

दिलीप कुमार अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गृह जिला से प्राप्त कर स्नातक करने के लिए पटना रह कर पढ़ाई किया। उसके बाद वो BPSC की तैयारी करने के लिए पटना एवं दिल्ली भी रह चुके है, लेकिन कुछ पारिवारिक कारणों की वजह से उन्हे अपना पढ़ाई बीच मे छोड़कर घर वापस आना पड़ गया। उसके बाद उन्हे कोई भी काम करने की इच्छा नहीं होती थी वो अंदर से टूट चुके थे उन्हे लगता था की सफलता उनकी किस्मत मे नहीं है, लेकिन कहा गया है कि कोई भी काम दिल से करना चाहो तो वो जरूर पूरी होती है।

एक दिन वो घुमते-घुमते जिला उद्योग केंद्र, शिवहर आये और वहाँ उन्हे उद्योग विभाग की योजनाओं के बारे मे बताया गया जिसमे उन्हे PMFME योजना अच्छा लगी और उनका मानना था की पहले छोटे स्तर से अपना मशाला का विजनस स्टार्ट करे तभी वो PMFME योजना मे मशाला उत्पाद के लिए आवेदन दिया और अपना कार्ययोजना जिला उद्योग के कर्मी के समक्ष रखा और उनका आवेदन उद्योग विभाग द्वारा स्वीकृत कर उन्हे PMFME योजना क लाभ दिया गया। जिससे उन्होंने अपना मशाला का उत्पादन कर अपना विजनेस शुरू किया।

शुरू-शुरू में उन्हे बहुत संघर्ष का सामना करना पड़ा और वे अपना प्रोडक्ट को घुम – घूम कर मार्केट मे बेचते थे , फिर धीरे-धीरे उनके मशाला के गुणवता अच्छा होने के कारण उनका प्रोडक्ट की डिमांड होने लगा।

दिलीप कुमार बताते है कि वो अपना मशाला का विजनेस 5 लाख लागत से शुरू किया और आज उनका विजनेस का टर्न ओवर 15-20 लाख का हो चुका है, इसके लिए वो उद्योग विभाग (बिहार) को सहयोग करने के लिए एवं मार्गदर्शन देने के लिए आभार प्रकट करते हैं।